**<u>विधान परिषद् के द्वितीय सत्र, 2023 के प्रथम बुधवार के लिए निर्धारित श्री भीमराव अम्बेडकर, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-18 का उत्तर।</u>**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| (क) क्या कारागार मंत्री बतायेंगे कि उ0प्र0 में पुराने जिला कारागार के स्थान पर नये कारागृह का निर्माण कराया गया है? | जी हाँ । |
| (ख) यदि हाँ, तो कितने कारागारों का नव निर्माण कराया गया है जिसमें कितने निर्माण होकर संचालित हैं और कितने निर्माणाधीन हैं, उनका विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | उ0प्र0 में पुराने जिला कारागार के स्थान पर जिला कारागार आजमगढ़, बरेली, इटावा का निर्माण कराकर संचालित कराया जा चुका है । जनपद श्रावस्ती, प्रयागराज, अमेठी, महोबा में कारागार निर्माणाधीन हैं। कारागार विहीन जनपदों यथा कुशीनगर, हाथरस, हापुड, भदोही, अमरोहा, सम्भल, शामली, औरैया एवं चन्दौली में कारागार का निर्माण प्रस्तावित है । शिफ्टिंग के आधार पर 08 कारागारों यथा मुरादाबाद, शाहजहाँपुर, जौनपुर, कानपुर नगर, बदायूँ, मुजफ्फरनगर, रामपुर एवं सहारनपुर का निर्माण कराये जाने की कार्यवाही प्रस्तावित / प्रक्रियाधीन है । |
| (ग) क्या पुराने कारागारों के जर्जर भवनों की नीलामी करायेंगे? | पुराने कारागार भवनों को कारागार विभाग के ही उपयोग में लाया जा रहा है । |
| (घ) यदि हाँ, तो कब तक? | उपरोक्तानुसार |
| (ड़) यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता । |

**धर्मवीर प्रजापति**
**राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**कारागार विभाग ।**